# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

पत्रांक : कमेटी सैल / बैक पेपर / 4473
दिनांक : 28.12.2020

## अधिसूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों / संस्थानों / विश्वविद्यालय परिसर में सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत स्वःवित्त पोषित योजनान्तर्गत संचालित B.B.A./B.C.A./B.A. LL.B. 5 Year Integrated /B.J.M.C./B.Voc/B.Sc. (Computer Sc.)/B.Sc. (Home Sc.)/B.Sc. Home Sc. (Clinical Nutrition & Dieteties)/B.P.E.S./M.J.M.C./M.I.B./M.B.E./M.Sc. (Bio-Technology)/M.Sc. (Bio-Chemistry)/M.Sc. (Microbiology)/M.Sc. (Bio-Informatics)/M.C.S./M.Sc. (Computer Science)/ M.Sc.Home Sci.(Home Management)/M.Sc.(Human Development)/M.F.A./ Integrated M.Tech. (Bio-tech./ETC)/B.Tech. - M.B.A. in (CS/Civil)/M.P.E.S./M.L.I. Sci. आदि पाठ्यक्रमों एवं वार्षिक प्रणाली मे स्वःवित्त पोषित योजनान्तर्गत संचालित B.Lib./B.F.A./B.Sc. (Biotechnology)/B.Sc. Hon's (Biotechnology)/ B.Sc. (Microbiology)/B.Sc. Hon's (Microbiology)/B.A.-B.Ed./B.El.Ed./ B.P.T./ B.O.T./ B.M.L.T./ B.M.B.R.D. & I.T./B.M.M./B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. in Nursing/ M.Lib./ M.P.E./ /M.P.T./M.O.T./M.Sc. Nursing आदि पाठ्यक्रमों में ऐसे विद्यार्थी जिन्होने अन्तिम सेमेस्टर जून–2020 / अन्तिम वर्ष–2020 के परीक्षा फार्म भरे है किन्तु कोविड–19 के कारण परीक्षा देने से वंचित रह गये है तथा वे विद्यार्थी जिन्होने अन्तिम सेमेस्टर जून–2020 / अन्तिम वर्ष–2020 की परीक्षाऐं दी परन्तु अनुर्त्तीण होने के कारण बैक पेपर परीक्षा देने हेतु अर्ह है, ऐसे विद्यार्थीयो को **परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 01.12.2020 के** निर्णयनुसार पाठ्यक्रम पूर्ण करने का अवसर प्रदान किया जायेगा। इसके अतिरिक्त यह भी प्रस्ताव पारित किया गया कि जिन विद्यार्थी द्वारा पूर्व में अन्तिम सेमेस्टर जून–2020 / अन्तिम वर्ष–2020 का परीक्षा फार्म भरा था और कोविड–19 के कारण परीक्षा नही दे सके ऐसे विद्यार्थीयो को परीक्षा फार्म भरने की आवश्यकता नही है ऐसे छात्र / छात्राऐं पूर्व में निर्गत प्रवेश पत्र को पुनः विश्वविद्यालय की वैबसाईट से डाउनलोड कर, अपनी अन्तिम सेमेस्टर जून–2020 / अन्तिम वर्ष–2020 की मुख्य / भूतपूर्व / बैक पेपर परीक्षा को स्पेशल बैक पेपर परीक्षा दिसम्बर– 2020 की परीक्षा के साथ सम्मिलित हो सकेगे।

उक्त से सम्बन्धित **समस्त अभ्यर्थीयों को अन्तिम अवसर** प्रदान करते हुये, परीक्षा फार्म भरने हेतु प्रक्रिया निम्न प्रकार होगी:–

फार्म भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ करने से पूर्व निर्देशों को ठीक से पढ़ें:–

1. सर्वप्रथम विश्वविद्यालय वेबसाइट **www.ccsuniversity.ac.in** पर जाकर **Back Paper Exam. Professional Courses Form** पर Click करें।
2. परीक्षा फार्म एवं परीक्षा शुल्क ऑन लाईन के माध्यम से ही भरी जायेगी। किसी भी स्थिति में ड्राफ्ट स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऑन लाईन शुल्क की प्रति परीक्षा फार्म के साथ संलग्न करना आवश्यक है।
3. परीक्षा फार्म में वाँछित सूचनायें इन्टरनेट पर ऑन लाईन (On Line) ही भरी जायेगी।
4. फार्म के साथ लगाये जाने वाले संलग्नकों में प्रत्येक संलग्नक के दाहिनी ओर शीर्ष पर अपना अनुक्रमांक छात्र को अवश्य अंकित करना होगा।
5. उपरोक्तानुसार पूर्ण रूप से भरे गये परीक्षा फार्म को परीक्षार्थी द्वारा सम्बन्धित महाविद्यालय / संस्थान में जमा कराया जायेगा। महाविद्यालय / संस्थान का यह दायित्व होगा कि वह प्रत्येक प्राप्त परीक्षा फार्म की जाँच कर यह सुनिश्चित् करें कि फार्म के साथ वाँछित संलग्नक लगाये गये हैं अथवा नहीं ? क्योंकि जिस पाठ्यक्रम एवं भाग के लिए परीक्षा फार्म भरा गया है, उसकी न्यूनतम योग्यता सम्बन्धी प्रमाण–पत्र परीक्षा फार्म के साथ संलग्न होना आवश्यक है।

6. महाविद्यालय/संस्थान से प्राप्त हुए परीक्षा फार्मों में यदि उपरोक्त वर्णित निर्देशों के सम्बन्ध में कोई त्रुटि विश्वविद्यालय स्तर पर पायी जाती है और इस कारण से किसी छात्र का परीक्षा फार्म निरस्त होता है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित छात्र तथा महाविद्यालय/संस्थान के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक की होगी, विश्वविद्यालय इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

7. **नोमिनल रोल लिस्ट** विश्वविद्यालय में जमा कराये जाने के समय महाविद्यालय/संस्थान द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि कम्प्यूटर एजेन्सी द्वारा बनायी गयी ऑन लॉइन नोमिनल रोल लिस्ट जो संस्थान के पोर्टल पर प्रेषित की गयी है केवल वही जमा होगी, संस्थान द्वारा अपने स्तर से निर्मित नोमिनल रोल लिस्ट स्वीकार नही की जायेगी।

<u>उपरोक्त परीक्षाओं हेतु फार्म जमा कराने की तिथियां पुनः अन्तिम अवसर प्रदान करते हुये निम्नानुसार विस्तारित की जाती हैः–</u>

| | | |
|---|---|---|
| 1. | अभ्यर्थियों द्वारा ऑन लाईन परीक्षा फार्म एवं ऑन लाईन परीक्षा शुल्क सहित परीक्षा फार्म भरने की प्रारम्भ तिथि | 21–12–2020 |
| 2. | अभ्यर्थियों द्वारा ऑन लाईन परीक्षा फार्म एवं ऑन लाईन परीक्षा शुल्क सहित परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि | 31–12–2020 |
| 2. | भरे गये परीक्षा फार्म को सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान में जमा कराने की अन्तिम तिथि | 01–01–2021 |
| 3. | महाविद्यालय/संस्थान द्वारा नोमिनल रोल लिस्ट को विश्वविद्यालय में जमा कराने की अन्तिम तिथि | 02–01–2021 |

कृपया यह सुनिश्चित कर लें कि अन्तिम तिथि के पश्चात किसी भी परीक्षार्थी का कोई भी फार्म किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जायेगा।

28-12-2020
परीक्षा नियंत्रक

*प्रतिलिपि*– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बन्धित पाठ्यक्रमों में प्रवेशित छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म उपरोक्तानुसार भरवाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
2. वैयक्तिक सहायक कुलपति को कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
3. प्रतिकुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
4. आशुलिपिक वित्त नियन्त्रक को वित्त नियन्त्रक जी के सूचनार्थ।
5. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव के सूचनार्थ।
6. सहायक कुलसचिव (परीक्षा)।
7. लेखाधिकारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
8. प्रभारी, (सीक्रेसी), चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
9. प्रभारी, व्यावसायिक पाठ्यक्रम (रिजल्ट सैल), चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
10. प्रभारी (सामान्य/भण्डार)।
11. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
12. प्रभारी, वेबसाइट/कम्प्यूटर केन्द्र।
13. विश्वविद्यालय सूचना पट।

28-12-2020
परीक्षा नियंत्रक